Barriers of Communication
सम्प्रेषण की बाधाएं

Presented by

Dr. Archana Bharti

Guest Faculty, MJMC

Sem-1, Paper- 101

Date- 13/08/2021

Barriers of Communication

- संचार प्रक्रिया विभिन्न कारणों से बाधित होती है। इसमें भौतिक, सांस्कृतिक, मनोवैज्ञानिक, तकनीकी आदि बाधाएं विशेष रूप से शामिल होती हैं।
- भौतिक बाधाओं की अगर हम बात करें तो इस प्रकार की बाधा में 'शोर' संचार प्रक्रिया को प्रभावित करती है। शोर बाधा किसी तकनीक के कारण भी उत्पन्न होता है।

Barriers of Communication

- संचार साधनों के संचालन में तकनीकी त्रुटि के कारण भी संचार प्रक्रिया बाधित होती है। जब संचार प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा आती है तो सम्प्रेषक (Communicator) को परेशानी होती है। यह बाधा ग्रहीता या श्रोता को सूचना प्राप्त करने से रोकती है।
- सांस्कृतिक बाधाएं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में विभिन्नताओं को दर्शाती है। जिसमें विभिन्न संस्कृतियों में भंगिमाएं और शब्द के अलग अर्थ संप्रेषित होते हैं।

Barriers of Communication

- युवा वर्ग जिस शब्दों या भंगिमाओं की व्याख्या कर सकता है वैसे बड़े नहीं कर सकते।
- संचार के मनोवैज्ञानिक बाधाओं में किसी प्रकार की द्वेष, सुनने की इच्छा न होना, उदासीनता, किसी प्रकार का अवरोध उचित संचार को बाधित करते हैं।
- तकनीकी बाधा वह बाधा होती है जिसमें सूचना प्राप्त करने वाले को सूचना प्राप्ति के समय बाधा उत्पन्न होती है। इसमें श्रोता को स्पष्ट रूप से सूचना नहीं मिल पाती है। जैसे कि, तकनीकी गड़बड़ियों का होना।

Barriers of Communication

- संचार की बाधा के भी अनेक रूप होते हैं। जैसे कि, श्रोता को सूचना का प्राप्त न होना, सूचना का चयन सही से नहीं होना, अस्पष्टता आदि। सम्प्रेषण प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को हम निम्न रूपों में समझ सकते हैं। जिसमें भाषा सम्बंधी बााधा, समय अभाव के कारण संवाद नहीं होना, भौगोलिक दूरी, भ्रम (Confusion), विवेकपूर्ण ढंग से न सुनना, वैयक्तिक भिन्नता सम्बंधी बाधाएं (Barriers of Personal Differentiation), बौद्धिक स्थिति (Barriers of Mental Stauts) हैं।

Barriers of Communication

- भाषा के कारण कभी–कभी संवाद को सुनने, समझने में भी कठिनाई आ जाती है। जिसमें भाषा की विभिन्नता, शब्दों का अनुचित प्रयोग, गलत शब्दों का चयन आदि कारणों से हो सकता है।
- कभी–कभी समयाभाव के कारण संवाद प्राप्तकर्ता को प्रेषित नहीं हो पाता है जिससे संवाद प्रभावहीन हो जाता है।

Barriers of Communication

- जो दूरवर्ती क्षेत्र हैं या ऐसे कुछ स्थान हैं जहां संचार के साधनों की पहुंच नहीं है वहां पर संदेश भेजना कठिन हो जाता है।
- कभी–कभी भ्रम के कारण भी किसी अर्थ का अनर्थ हो जाता है। यह सम्प्रेषक का सबसे बड़ा बाधक तत्व है। इसके अलावा विवेकपूर्ण ढंग से किसी संवाद को न सुनने से भी कठिनाई उत्पन्न हो जाती है। जिससे सम्प्रेषण में बाधा आती है।

Barriers of Communication

- ग्रहीता को सम्प्रेषण द्वारा प्रेषित संदेश को धैर्य पूर्वक सुनना चाहिए।
- संचार के ग्रहण करने की समस्या को प्रभावित करने वाले वैयक्तिक भिन्नता सम्बंधी बाधाओं में जो तत्व हैं वे हैं–पुरूषों और स्त्रियों की ग्रहण क्षमता में अंतर, शैक्षिक अंतर, व्यक्तियों के स्वभाव, भाषा में अंतर, धार्मिक मतभेद, वैचारिक मतभेद, देखने, सुनने, समझने, अनुभव करने में अंतर, व्यक्तियों के निजी विचार, रूचि, तौर–तरीके आदि।

धन्यवाद